दैनिक भास्कर
जींद भास्कर 11-03-2026

सीआरएसयू का 147.87 करोड़ का बजट पास

जींद. वीसी डॉ. रामपाल सैनी से भेंट करते हुए।

भास्कर न्यूज़ | जींद

सीआरएसयू में वित्तीय वर्ष 2026 के बजट को लेकर बैठक हुई। विश्वविद्यालय के वित्त विभाग द्वारा आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता वीसी प्रो. रामपाल सैनी ने की। बैठक में वित्तीय प्रबंधन, विकास कार्यों और शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से 147 करोड़ 87 लाख 66 हजार रुपए का बजट स्वीकृत किया गया।

इस बजट को अब इसी महीने होने वाली एग्जीक्यूटिव काउंसिल और कोर्ट की बैठक में पारित होने के लिए भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद इसे अंतिम स्वीकृति के लिए हरियाणा सरकार के पास भेजा जाएगा। बैठक में विश्वविद्यालय के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, शैक्षणिक गतिविधियों के विस्तार और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। वीसी ने कहा कि बजट का उपयोग पूरी पारदर्शिता से किया जाएगा, ताकि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और शोध कार्यों को गति मिल सके। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. राजेश कुमार बंसल, फाइनेंस ऑफिसर डॉ रवि भूषण सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए काम करने पर सहमति जताई।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Jind - 11 Mar 2026 - Page 4

सीआरएसयू के बजट के लिए बैठक में विस्तार से किया मंथन

विश्वविद्यालय के वित्तीय प्रबंधन, विकास कार्यों तथा शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर हुई चर्चा

विश्वविद्यालय के लिए 147.87 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में वित्तीय वर्ष 2026 के बजट को लेकर बैठक आयोजित की गई। यह बैठक विश्वविद्यालय के वित्तीय विभाग द्वारा आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी ने की। बैठक में विश्वविद्यालय के वित्तीय प्रबंधन, विकास कार्यों तथा शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के लिए वित्तीय वर्ष 2026 का बजट 147 करोड़ 87 लाख 66 हजार रुपये स्वीकृत किया गया। इसी महीने आयोजित होने वाली एग्जीक्यूटिव काउंसिल और कोर्ट की मीटिंग में इस बजट को पारित होने के लिए भेजा जाएगा।

इस बैठक में पास होने के बाद गवर्नमेंट के पास पारित होने के लिए भेजा जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने बजट के विभिन्न पहलुओं पर अपने सुझाव एवं विचार सांझा किए तथा विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए बजट के प्रभावी और योजनाबद्ध उपयोग पर विचार-विमर्श किया। बैठक में हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं शिक्षाविदों ने भाग लिया। बैठक की वीसी प्रो. डा. रामपाल सैनी ने अध्यक्षता की। बैठक के मेंबर सेक्रेटरी के रूप में डा. राजेश कुमार बंसल, कुलसचिव चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने कार्यवाही का संचालन किया। इसके साथ ही हरियाणा सरकार के वित्त विभागए उच्च शिक्षा विभाग तथा तकनीकी शिक्षा विभाग के नामित अधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने विश्वविद्यालय की वित्तीय आवश्यकताओं, शैक्षणिक गतिविधियों के विस्तार, आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण तथा विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के विषय में अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। सदस्यों ने इस बात पर भी बल दिया कि बजट का उपयोग योजनाबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से किया जाएए ताकि विश्वविद्यालय के शैक्षणिकए शोध एवं विकास कार्यों को और गति मिल सके। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. डा. राम पाल सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय को प्राप्त बजट का उपयोग पूरी पारदर्शिता और सुनियोजित ढंग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन का प्रयास रहेगा कि उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए संस्थान को शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ाया जाए।

जींद। सीआरएसयू के वित्तीय विभाग की बैठक में मौजूद वीसी और अन्य सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

बैठक के दौरान यह रहे मौजूद

बैठक में प्रो. सुभाष चंद वाणिज्य विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरपाल सिंह मुख्य लेखा अधिकारी डीजीपी कार्यालय हरियाणा पंचकूला, प्रो. आनंद मलिक डीन लाइफ साइंस संकाय चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय तथा प्रो. विशाल वर्मा डीन फिजिकल साइंस संकाय चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, फाइनेंस ऑफिसर डा. रवि भूषण चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद उपस्थित रहे।

पारदर्शिता रहेगी

वहीं कुलसचिव डा. राजेश कुमार बंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने बताया कि बजट का उपयोग विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक तथा आधारभूत ढांचे के विकास के लिए प्रभावी तरीके से किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी विभागों के सहयोग से बजट का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों और शिक्षकों को एक बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

India Timer Date-11.03.2026

सीआरएसयू के विकास पर 147 करोड़ 87 लाख के बजट पर बैठक में लगी मोहर

सरकार के पास पारित होने के लिए भेजा जाएगा : वीसी

जींद, ब्यूरो (इंडिया टाइमर) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद यानि सीआरएसयू में वित्तीय वर्ष 2026 के बजट को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक विश्वविद्यालय के वित्तीय विभाग द्वारा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता वाइस चांसलर प्रो. राम पाल सैनी ने की। बैठक में विश्वविद्यालय के वित्तीय प्रबंधन, विकास कार्यों तथा शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के लिए वित्तीय वर्ष 2026 का बजट 147 करोड़ 87 लाख 66 हजार रुपये स्वीकृत किया गया। इसी महीने आयोजित होने वाली एग्जीक्यूटिव काउंसिल और कोर्ट की मीटिंग में इस बजट को पारित होने के लिए भेजा जाएगा और इस बैठक में पास होने के बाद गवर्नमेंट के पास पारित होने के लिए भेजा जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने बजट के विभिन्न पहलुओं पर अपने सुझाव एवं विचार सांझा किए तथा विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए बजट के प्रभावी और योजनाबद्ध उपयोग पर विचार-विमर्श किया। बैठक में हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं शिक्षाविदों ने भाग लिया। बैठक में वाइस चांसलर प्रो. राम पाल सैनी ने अध्यक्ष के रूप में बैठक की अध्यक्षता की। इसके अलावा प्रो. सुभाष चंद, वाणिज्य विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, हरपाल सिंह, मुख्य लेखा अधिकारी, डी.जी.पी. कार्यालय, हरियाणा, पंचकूला, प्रो. आनंद मलिक, डीन, लाइफ साइंस संकाय, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद तथा प्रो. विशाल वर्मा, डीन, फिजिकल साइंस संकाय, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद फाइनेंस ऑफिसर डॉ रवि भूषण बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के मेंबर सेक्रेटरी के रूप में डॉ. राजेश कुमार बंसल, कुलसचिव, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने कार्यवाही का संचालन किया। इसके साथ ही हरियाणा सरकार के वित्त विभाग, उच्च शिक्षा विभाग तथा तकनीकी शिक्षा विभाग के नामित अधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने विश्वविद्यालय की वित्तीय आवश्यकताओं, शैक्षणिक गतिविधियों के विस्तार, आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण तथा विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के विषय में अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। सदस्यों ने इस बात पर भी बल दिया कि बजट का उपयोग योजनाबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से किया जाए, ताकि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, शोध एवं विकास कार्यों को और गति मिल सके। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. (डॉ.) राम पाल सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय को प्राप्त बजट का उपयोग पूरी पारदर्शिता और सुनियोजित ढंग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन का प्रयास रहेगा कि उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए संस्थान को शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ाया जाए। वहीं कुलसचिव डॉ. राजेश कुमार बंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने बताया कि बजट का उपयोग विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक तथा आधारभूत ढांचे के विकास के लिए प्रभावी तरीके से किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी विभागों के सहयोग से बजट का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों और शिक्षकों को एक बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

Date-11.03.2026

सीआरएसयू जींद का 147.87 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित, अन्य सुझावों पर भी चर्चा

एग्जीक्यूटिव काउंसिल व कोर्ट से मंजूरी के बाद सरकार को भेजेंगे प्रस्ताव

जींद (जुलाना), 10 मार्च (हप्र)

जींद सीआरएसयू में मंगलवार को आयोजित बैठक में शामिल अधिकारी। -हप्र

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) जींद में वित्तीय वर्ष 2026 के बजट को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के वित्तीय विभाग द्वारा आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने की। बैठक में विश्वविद्यालय के वित्तीय प्रबंधन, विकास कार्यों तथा शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के लिए 147 करोड़ 87 लाख 66 हजार रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया। यह बजट प्रस्ताव इसी महीने आयोजित होने वाली एग्जीक्यूटिव काउंसिल और कोर्ट की बैठक में पारित करने के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद इसे अंतिम स्वीकृति के लिए हरियाणा सरकार को भेजा जाएगा। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने बजट के विभिन्न पहलुओं पर अपने सुझाव और विचार साझा किए।

कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय को प्राप्त बजट का उपयोग पूरी पारदर्शिता और सुनियोजित तरीके से किया जाएगा। कुलसचिव डॉ. राजेश कुमार बंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने बताया कि बजट का उपयोग विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक और आधारभूत ढांचे के विकास के लिए प्रभावी तरीके से किया जाएगा। बैठक में विश्वविद्यालय की वित्तीय आवश्यकताओं, शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों के विस्तार तथा आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव भी सामने आए। बैठक की कार्यवाही का संचालन कुलसचिव डॉ. राजेश कुमार बंसल ने मेंबर सेक्रेटरी के रूप में किया। बैठक में प्रो. सुभाष चंद, हरपाल सिंह, प्रो. आनंद मलिक, प्रो. विशाल वर्मा, वित्त अधिकारी डॉ. रवि भूषण सहित उच्च शिक्षा विभाग और तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

पंजाब केसरी

Date-11.03.2026

सीआरएसयू के विकास पर 147 करोड़ 87 लाख के बजट पर बैठक में लगी मोहर

जींद, संजय शर्मा(पंजाब केसरी): चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद यानि सीआरएसयू में वित्तीय वर्ष 2026 के बजट को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक विश्वविद्यालय के वित्तीय विभाग द्वारा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता वाइस चांसलर प्रो. राम पाल सैनी ने की। बैठक में विश्वविद्यालय के वित्तीय प्रबंधन, विकास कार्यों तथा शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय के लिए वित्तीय वर्ष 2026 का बजट 147 करोड़ 87 लाख 66 हजार रुपये स्वीकृत किया गया। इसी महीने आयोजित होने वाली एग्जीक्यूटिव काउंसिल और कोर्ट की मीटिंग में इस बजट को पारित होने के लिए भेजा जाएगा और इस बैठक में पास होने के बाद गवर्नमेंट के पास पारित होने के लिए भेजा जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने बजट के विभिन्न पहलुओं पर अपने सुझाव एवं विचार सांझा किए तथा विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए बजट के प्रभावी और योजनाबद्ध उपयोग पर विचार-विमर्श किया। बैठक में हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं शिक्षाविदों ने भाग लिया। बैठक में वाइस चांसलर प्रो. राम पाल सैनी ने अध्यक्ष के रूप में बैठक की अध्यक्षता की। इसके अलावा प्रो. सुभाष चंद, वाणिज्य विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, हरपाल सिंह, मुख्य लेखा अधिकारी, डी.जी.पी. कार्यालय, हरियाणा, पंचकूला, प्रो. आनंद मलिक, डीन, लाइफ साइंस संकाय, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद तथा प्रो. विशाल वर्मा, डीन, फिजिकल साइंस संकाय, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद फाइनेंस ऑफिसर डॉ रवि भूषण बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के मेंबर सेक्रेटरी के रूप में डॉ. राजेश कुमार बंसल, कुलसचिव, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने कार्यवाही का संचालन किया।